ST. XAVIER'S SENIOR SECONDARY SCHOOL, DELHI-54

Class : 4 SUMMATIVE ASSESSMENT 2 Marks: 50

Date: 24.02.15 HINDI Time: 1½ hours

Name:____________________ Class & Sec. __________ R. No.__________

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न – पत्र पर ही कीजिए।

I. सही विलोम शब्द पर सही (√) का निशान लगाइए। (1x2=2)

1. सुगंध –

1. खुशबू 2. बदबू 3. दुर्गंध

2. पूर्ण –

1. संपूर्ण 2. अपूर्ण 3. परिपूर्ण

II. अनेक शब्दों के लिए सही एक शब्द पर सही (√) का निशान लगाइए। (1x2=2)

1. मन को हर लेने वाला –

1. दामोदर 2. धरोहर 3. मनोहर

2. साथ में चलने वाला –

1. चराचर 2. सहचर 3. जलचर

III. दिए गए शब्दों का एक पर्यायवाची लिखिए। (½x4=2)

1. घर – __________ 3. बादल – __________

2. सूर्य – __________ 4. चाह – __________

IV. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए। (½x4=2)

1. कवि – __________ 3. मालिक – __________

2. शिष्य – __________ 4. वर – __________

V. रिक्त स्थानों में सही वचन का प्रयोग कीजिए। (½x4=2)

1. मेरे विद्यालय की __________ होने वाली हैं। (छुट्टी, छुट्टियाँ)

2. __________ चूहे के पीछे दौड़े रही है। (बिल्ली, बिल्लियाँ)

3. बन्दर ने सारी __________ फेंक दीं। (टोपियाँ, टोपी)

4. मेरी __________ में सत्तावन विद्यार्थी पढ़ते हैं। (कक्षाएँ, कक्षा)

VI. रिक्त स्थानों में सही सर्वनाम शब्द भरिए। (½x4=2)

1. __________आज विद्यालय जल्दी जाना है,

2. भारत __________ देश है।

3. __________ झूठ नहीं बोलना चाहिए।

4. __________ बटुआ खो गया है।

VII. विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए। (1x2=2)

1. कुत्ता समझदार जानवर है।

2. मंदिर यहाँ से चार किलोमीटर दूर है।

Cont'd-----2/-

VIII. क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए। (1x2=2)

1. हमने आगरा में ताजमहल देखा।
2. भक्त नदी में नहाता है।

IX. मुहावरे के सही अर्थ पर (√) का निशान लगाइए। (1x3=3)

1. नींद हराम करना
   1. नींद आना 2. धोखा देना 3. परेशान करना
2. पीठ थपथपाना
   1. शाबाशी देना 2. प्रभावित करना 3. बहुत प्रसन्न होना
3. पानी – पानी होना
   1. दुखी होना 2. प्रसन्न होना 3. बहुत शर्मिन्दा होना

X. वाक्यों को शुद्ध कीजिए। (1x3=3)

1. रमेश का पिताजी आया है।

   ____

2. बच्चा खेल रहे हैं।

   ____

3. मेरे को किताब पढ़नी है।

   ____

XI. पाठ के आधार पर रिक्त स्थान भरिए। (1x3=3)

1. नया वर्ष आरंभ होने पर ____________________ नामक त्योहार मनाया जाता है।
2. ____________________ नहर से राजस्थान को बहुत लाभ पहुँचा।
3. परी के हाथ में ____________________ की छड़ी है।

****

ST. XAVIER'S SENIOR SECONDARY SCHOOL, DELHI-54

Class : 4 SUMMATIVE ASSESSMENT 2 Marks: 50

Date:24.02.15 HINDI Time: 1½ hours

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर – पुस्तिका पर लिखिए।

I. शब्दों के अर्थ लिखिए। (½x4=2)

1. शानदार – 3. चाल –
2. अक्षय – 4. निमंत्रण –

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (1x8=8)

1. पुपुमणि कौन है?
2. राजस्थानी और 'उसकी पत्नी की कितनी यात्रा शेष थी?
3. चंद्रभानु ने गोपाल को अपने घर क्यों बुलाया?
4. परी किसपर सवार होकर उतर रही है?
5. केरल का प्रमुख नृत्य तथा त्योहार कौन से हैं?
6. दादा जी शांतिनिकेतन में अपना समय कैसे बिताना चाहते हैं?
7. बालक दिनभर खुश क्यों रहता है?
8. चंद्रभानु ने गोपाल से क्या करने के लिए कहा?

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए। (1½x4=6)

1. केरल की जलवायु कैसी है? केरल के लोग हमेशा अपने साथ छाता क्यों रखते हैं?
2. बालक को परी – लोक कौन पहुँचाता है? परी अपनी जादू की छड़ी से क्या करती है?
3. गोपाल भाँड़ कौन था? सभासद उससे ईर्ष्या – द्वेष क्यों रखते थे?
4. पानी को अमृत क्यों कहा गया है?

IV. गद्यांश पढ़ो और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x4=4)

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। रोगी व्यक्ति सदा उदास और चिड़चिड़ा रहता है। उसका किसी काम में मन नहीं लगता। खेल खेलने से शरीर पुष्ट होता है। शरीर में चुस्ती – स्फूर्ति आती है। खेल – कूद मनोरंजन का अच्छा साधन हैं। एक खिलाड़ी अपनी रुचि और शारीरिक क्षमता को ध्यान में रखकर अपना मनपसंद खेल चुनता है और निरंतर अभ्यास द्वारा उसमें निखार लाता है।

1. शरीर के स्वस्थ न रहने से क्या नुकसान होता है?
2. जीवन में खेल – कूद का क्या महत्त्व है?
3. एक खिलाड़ी अपना मनपसंद खेल कैसे चुनता है?
4. गद्यांश में से दो विशेषण शब्द चुनकर लिखो।

V. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखो। (100 शब्दों में) (5)

1. मेरा मित्र

   या

   पुस्तकालय

****